EMERALD

Dated: 18.01.2024

To
**Department of Corporate Services,**
BSE Limited,
25th Floor, P.J. Towers,
Dalal Street, Mumbai-400001

**Scrip Code: 538882**

Dear Sir/Madam,

**Sub: Newspaper Advertisement-Disclosure under Regulation 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 read with 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith copy of newspaper advertisements, published in Financial Express (English) and in Jansatta (Hindi) on 17.01.2024 with respect to the Un-audited Financial results for the quarter ended 31st December, 2023.

The aforesaid information has also been uploaded on the website of the Company at www.emeraldfin.com.

Kindly take the same on your records.

**Yours sincerely,**
**For Emerald Finance Limited**

AMARJEET KAUR Digitally signed by AMARJEET KAUR Date: 2024.01.18 19:29:17 +05'30'

**(Amarjeet Kaur)**
**Company Secretary cum Compliance Officer**
**Membership No. :A17273**

# छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में संस्थान का संचालक गिरफ्तार

## पाक्सो अदालत ने आरोपी को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

मंडी,16 जनवरी (जनसत्ता)।


छात्राओं के छेड़छाड़ मामले में अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंपतीं जनवादी महिला समिति की पदाधिकारी।

मंडी के 'ट्यूशन व कोचिंग सेंटर' में आने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व यौन शोषण के आरोप में मंडी महिला थाना पुलिस ने संचालक एवं शिक्षक को आखिर आठ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को उसे मंडी की पाक्सो अदालत में पेश किया जहां उसे दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पीड़ित नाबालिग छात्राओं के अदालत के समक्ष सीआरपीसी 164 के तहत भी बयान दर्ज करवाए गए हैं। गौरतलब है कि उक्त संचालक एवं शिक्षक के खिलाफ आठ, दस व बारह जनवरी को मंडी के महिला थाने में एक एक छात्रा ने अपने खिलाफ यौन शोषण व अश्लील हरकतों की शिकायत दर्ज करवाई थी। बाल कल्याण समिति ने भी इस मामले में छात्राओं के बयान दर्ज करके उनकी काउंसलिंग की थी।

इधर, मंगलवार को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की मंडी ने जिला अध्यक्ष वीना वैद्य की अगुवाई में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी निवेदिता नेगी को एक ज्ञापन दिया है जिसमें मंडी शहर के सैण मोहल्ले मे चल रहे ट्यूशन सेंटर में संचालक द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व यौन शोषण का मामला उठाया।

समिति का कहना है कि शहर के किसी ट्यूशना या कोचिंग सेंटर का इस प्रकार का यह पहला मामला है जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। अतः जनवादी महिला समिति मांग की कि ट्यूशन व कोचिंग सेंटर का भी पंजीकरण होना चाहिए। दूसरे इन सेंटर में भी लिंग संवेदना समितियां के गठन की अनिवार्यता होनी चाहिए जिसकी प्रति माह बैठक होनी चाहिए। इसमें किसी भी स्थानीय महिला संगठन की महिला को शामिल किया जाए। सभी सेंटर में सीसीटीवी की अनिवार्यता के आदेश प्रशासन की ओर से दिए जाएं। 'फास्ट ट्रैक' अदालत की स्थापना जिला में हो। जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशों को तुरंग लागू किया जाए और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।


# बंजार की ज्योति ने 'पैरा खेलों' के शाटपुट में जीता स्वर्ण पदक

कुल्लू, 16 जनवरी (जनसत्ता)।

कुल्लू के उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत बालागाड़ की रहने वाली ज्योति ठाकुर ने राष्ट्रीय 'पैरा खेलों' के शाटपुट में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा डिस्क थ्रो की प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक जीत कर हिमाचल प्रदेश तथा जिला कुल्लू का नाम रोशन किया है। यह 'पैरा खेल' की राष्ट्रीय प्रतियोगिता गोवा में आयोजित किए गए थे। जिसमें बंजार घाटी के बालागाड़ पंचायत के रहने वाली ज्योति ठाकुर ने भी भाग लिया था। ऐसे में अब दो पदक जीतकर ज्योति ठाकुर ने हिमाचल का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

ज्योति ठाकुर ने इससे पहले दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुई खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भी भाग लिया था और उड़ीसा में भी आयोजित पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा पुणे में भी 'पैरा खेल' में शाटपुट तथा डिस्क थ्रो में ज्योति ठाकुर ने दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीते थे। पैरा खिलाड़ी ज्योति ठाकुर ने बताया कि पैरा राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता जो 'पैरा ओलंपिक समिति आफ इंडिया' द्वारा गोवा में 9 से 13 जनवरी 2024 तक आयोजित की गई थी।

**डिस्क थ्रो में भी जीता कांस्य पदक, गोवा में हुई थी राष्ट्रीय प्रतियोगिता।**




वही, खिलाड़ी ज्योति ठाकुर की इस उपलब्धि पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, जिला कुल्लू भाजपा महिला मोर्चा की प्रवक्ता खेमा दीपक और भाजपा मंडी संसदीय क्षेत्र की आईटी संयोजक कुसुमलता दीपक ने बधाई देते हुए कहा कि ज्योति बंजार की ग्राम पंचायत बालागाड के जलाफड़ गांव के रहने वाले गौतम राम ठाकुर की बेटी हैं और वो बचपन से ही काफी प्रतिभावान रही है। ऐसे में ज्योति ठाकुर की इस उपलब्धि से जिला कुल्लू सहित हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे भारत में रोशन हुआ है।

## खबर कोना



दिल्ली की संस्था ने कुल्लू बेटियां संस्था की अध्यक्ष समाजसेविका मीरा आचार्य व उनकी आठ सदस्यों को सम्मानित किया। -आकिल खान

### मादक पदार्थ के साथ पकड़े गए तस्कर को 12 साल की कैद

मंडी, 16 जनवरी (जनसत्ता)।

मादक पदार्थ (चरस) तस्करी के मामले में निर्णय देते हुए मंडी की विशेष अदालत ने दोषी को दो किलो 610 ग्राम मादक पदार्थ रखने पर 12 साल की कठोर कैद व 1 लाख 20 हजार रुपए जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश मंडी ने यह सजा अजय कुमार गांव सद्रोथा जिला चंबा को सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को 14 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि पहली सितंबर 2022 को सुंदरनगर थाने का सहायक उपनिरीक्षक दौलत राम अपने दल के साथ पुंघ में फोरलेन पर नाका लगाए हुआ था। इसी बीच शाम को सवा छह बजे सुंदरनगर मंडी की ओर से सफेद रंग की गाड़ी एचपी 01के- 6389 आ रही थी। पुलिस को देखकर चालक ने गाड़ी को पहले ही रोक दिया और गाड़ी को पीछे करने लगा। पुलिस ने गाड़ी को वहां पर रोक लिया। गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी के भीतर दो किलो 610 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ।

### पंडोह बांध में जा गिरा टिपर, तीन लोग घायल



मंडी, 16 जनवरी (जनसत्ता)।

मंडी-कुल्लू मार्ग पर पंडोह बांध के पास वैकल्पिक मार्ग के कैंची मोड़ के पास मंगलवार सुबह एक टिपर सड़क से लुढ़कता हुआ पंडोह बांध के जलग्रहण क्षेत्र में जा गिरा। इस दुर्घटना में इस टिपर पूरी तरह खत्म हो गया। वहीं चालक सहित दो मजदूर कूदकर ढांक में जा फंसे, जबकि एक बांध की सिल्ट में फंस गया। घटना का पता चलते ही पुलिस, स्थानीय लोग व एनडीआरएफ का दल मौके पर पहुंचा व कड़ी मशक्कत के बाद इन लोगों को कई सौ फुट नीचे खतरनाक ढांक से निकालकर सड़क तक लाया। इन्हें तुरंत मंडी अस्पताल लाया गया। एक गंभीर को चिकित्सा कालेज नेरचौक भेजा गया, जहां पर उनका प्रचार चल रहा है। इस टिपर में चालक बिलासपुर का चिंत राम व सराज की कुकलाह पंचायत दो मजदूर बताए जा रहे हैं। मजदूरों ने चालक से लिफ्ट ली थी।

# शिक्षकों ने 26 जनवरी से हड़ताल की चेतावनी दी

शिमला, 16 जनवरी (ब्यूरो)।

हिमाचल प्रदेश में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा नियुक्त शिक्षकों ने कहा कि अगर 25 जनवरी तक उन्हें नियमित नहीं किया तो वे मांगों को लेकर 26 जनवरी से भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

स्कूल प्रबंधन समितियों के शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे लंबे समय से सेवाओं को नियमित करने की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने अपनी मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए पिछले साल अक्टूबर में हिमाचल प्रदेश सचिवालय के परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया था। हालांकि, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आश्वासन के बाद शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया था।

इसके बाद एक कैबिनेट उप-समिति का गठन किया जिसे 31 दिसंबर तक इस संबंध में अपनी रपट देनी थी। इस संदर्भ में अब तक कुछ नहीं किया है। शिक्षक संघ ने अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए), प्राथमिक सहायक शिक्षक (पीएटी) और पैरा शिक्षकों की तर्ज पर उनकी सेवाओं को नियमित करने की मांग करते हुए, सरकार से 25 जनवरी को राज्य दिवस के अवसर पर उनकी सेवाओं को नियमित करने का आग्रह किया। स्कूल प्रबंधन समितियों द्वारा नियुक्त लगभग 2,500 शिक्षक हैं जो वर्तमान में राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं।



**प्रकाश पर्व** श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर मंगलवार को मंडी में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन की शुरुआत ऐतिहासिक गुरुद्वारा गोविंद सिंह पड्डल से हुई।


## Office of the Distt. Panchayat office Cum Sec. Zilla Parishad Chamba Distt. Chamba

### SHORT NOTICE INVITING TENDER

Item rate Tenders/Quotations in a sealed envelope are hereby invited by the undersigned for the work detailed given below from the approved and eligible contractors, so as to reach in the office of District Panchayat Office Chamba, Distt. Chamba on or before 27/01/2024 up to 3:00 PM and will be opened on the same day at 4:00 PM onwards, in the presence of intending contractors or their authorized representatives. The tenders received after the above date and time shall not be entertained.The Detailed DNIT can be obtained from the Office of undersigned on any working day or before above mentioned date & hour by depositing the sum of Rs 300.

| Sr. No. | Name of Work | Estimate Cost Rs. | Earnest Money | Cost of Tender form | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o Community Toilet at mall Road Killar G.P. Killar | 421500 | 8430 | 300 | Three Month |
| 2 | C/o Waste Water NikasNali at GP Shour in GP Shour | 156983 | 3140 | 300 | Three Month |
| 3 | C/o Drinking water tank at GP Rei | 156831 | 3137 | 300 | Three Month |
| 4 | C/o Waste Water NikasNali at GP Shoon | 257210 | 5144 | 300 | Three Month |
| 5 | Waste Water NikasNaliHarijanBasti at GP Luj | 163967 | 3280 | 300 | Three Month |
| 6 | Repair and upgradation of Foot path at near SidhMandir GP KaryuniKothi | 261103 | 5222 | 300 | Three Month |
| 7 | Repair and upgradation of Play groundAjogin GP Purthi | 174025 | 3481 | 300 | Three Month |
| 8 | C/o Pacca Foot Path at village Mahaliyat G.P. Killar | 168265 | 3365 | 300 | Three Month |

The District Panchayat Officer, Chamba reserves the right to reject the tender/Quotation without assigning any reasons thereto.
For further information,please contact the office of undersigned on any working day from 10:00AM to 5:00PM

District Panchyat Officer cum Secretary
Zilla Parishad Chamba Distt. Chamba



## एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में एमराल्ड लीजिंग फाइनेंस एंड इनवेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड के तौर पर ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय: एससीओ 7 औद्योगिक क्षेत्र फेज़ 2 चंडीगढ़ 160002
CIN : L65993CH1983PLC041774

31.12.2023 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडएलॉन और कंसोलिडेटिड अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार

(ईपीएस डेटा को छोड़कर लाखों रुपये में)

| क्र सं. | विवरण | स्टैंडएलॉन | | | | | कंसोलिडेटिड | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | वर्ष दर आंकड़े | | समाप्त अवधि | |
| | | 31.12.23 | 30.09.23 | 31.12.22 | 31.12.23 | 31.12.22 | 31.12.23 | 31.12.22 |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 179.107 | 183.533 | 144.100 | 538.423 | 350.897 | 943.946 | 764.272 |
| 2. | अन्य आय | 0.644 | 0.926 | 0.091 | 1.598 | 1.554 | 2.359 | 5.265 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, सामान्य व असाधारण मदों से पूर्व) | 104.226 | 112.481 | 82.550 | 318.094 | 189.331 | 403.632 | 294.312 |
| 4. | कर बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (सामान्य व असाधारण मदों के बाद) | 77.936 | 83.852 | 61.767 | 237.472 | 141.608 | 301.482 | 219.925 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) को शामिल करके] | 77.936 | 83.852 | 61.767 | 237.472 | 141.608 | 301.482 | 219.925 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 3014.365 | 3014.365 | 3014.365 | 3014.365 | 3014.365 | 3014.365 | 3014.365 |
| 7. | इंड एएस के अनुसार पुनः मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | अंकित मूल्य 10/- रु. प्रति का आय प्रति इक्विटी शेयर (रु. में) | | | | | | | |
| | 1. मूल: | 0.259 | 0.278 | 0.205 | 0.788 | 0.470 | 1.000 | 0.730 |
| | 2. तनुकृत: | 0.259 | 0.278 | 0.205 | 0.788 | 0.470 | 1.000 | 0.730 |

टिप्पणी: 1. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक के बोर्ड द्वारा 15 जनवरी, 2024 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया है। 2. उपरोक्त विवरण सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण तथा प्रकृटीकरण अपेक्षांए) विनियमनों, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल 31.12.2023 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण विवरण शेयर बाजार की वेबसाईट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाईट www.emeraldfin.com पर उपलब्ध हैं। 3. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 133 के तहत जारी प्रासंगिक नियमों और भारत में आम तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2016 द्वारा संशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

हस्ता/-
संजय अग्रवाल
(प्रबंध निदेशक)
DIN No- 02580828

दिनांक: 15.01.2024
स्थान: चंडीगढ़


# 'मुख्यमंत्री विधवा व एकल नारी आवास योजना होगी शुरू'

शिमला, 16 जनवरी (ब्यूरो)।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कहा कि विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को घरों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की खातिर 'मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना' जल्द ही शुरू की जाएगी।

विधवा और तलाकशुदा महिलाओं के अलावा, अकेली महिलाओं की कुछ अन्य श्रेणियों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इनमें वे महिलाएं भी शामिल होंगी जिन्हें उनके पतियों ने छोड़ दिया है या जिनके पति लापता हैं। इसके साथ ही वे अकेली महिलाएं जो अनाथ हैं या जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है, उन्हें भी योजना के तहत सहायता दी जाएगी। सुक्खू ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए पूरी तरह समर्पित है।

**सुक्खू ने कहा, घरों के निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी और लगभग सात हजार महिलाओं को योजना से लाभ होने की उम्मीद है।**

उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत घरों के निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी और लगभग 7,000 महिलाओं को इस योजना से लाभ होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को वित्तीय सहायता के अलावा नवनिर्मित घरों के लिए बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

# शक्तिपीठ ब्रजेश्वरी देवी का 21 क्विंटल मक्खन से किया श्रृंगार

धर्मशाला, 16 जनवरी (जनसत्ता)।

कांगड़ा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ ब्रजेश्वरी देवी की मूर्ति का 21 क्विंटल मक्खन से श्रृंगार किया गया। एक हफ्ते के बाद जब यह मक्खन उतरेगा तो श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित होगा। सदियों से मकर संक्रांति को देवी मां की पिंडी पर क्विंटल के हिसाब से मक्खन रखे जानें के बाद सात दिनों तक इसी स्वरूप में मां ब्रजेश्वरी देवी की पूजा की जाती है।



# आग से चार घर जले

धर्मशाला, 16 जनवरी (जनसत्ता)।

चंबा जिले के चुराह घाटी की गुईला ग्राम पंचायत के जंगल में शरारती तत्वों की ओर से लगाई गई आग से चार ग्रामीणों के कच्चे मकान जल गए हैं। मैलीकुड़ी धार (अधवारी) स्थित खाकसार हुए यह घर उन लोगों के हैं जो सर्दियों के दिनों में इनको छोड़कर मैदानों में चले जाते हैं। इस वारदात के बाद लोगों ने अब वन विभाग से ऐसे शरारती तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग की है। आगजनी से चीड़ और देवदार के पेड़ों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। सलूणी स्थित विभाग के वन मंडल अधिकारी सुशील कुमार गुलेरिया ने बताया कि जंगल में भड़की आग के कारण मिट्टी और लकड़ी से बने मकान जल गए हैं मगर किसी प्रकार का जानी नुकसान ही हुआ है।

**बाहरी राज्यों से पर्यटकों का आना जारी | पर्यटन | रोजाना आठ से दस हजार सैलानी कर रहे बर्फ का दीदार**

# लाहौल के पर्यटन स्थलों में सैलानियों का तांता

कुल्लू, 16 जनवरी (जनसत्ता)।

पर्यटन स्थल सिस्सू में पर्यटन गतिविधियां बेशक बंद हैं लेकिन लाहौल के अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का खूब तांता लग रहा है।

बर्फ के दीदार को रोजाना आठ से दस हजार पर्यटक लाहौल के पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी दो हजार से अधिक पर्यटक वाहन अटल सुरंग पारकर लाहौल की वादियों में पहुंचे।

पर्यटन स्थल सिस्सू से बर्फ गायब हो गई है लेकिन कोकसर की ओर कुठ बिहाल में सैलानी बर्फ की परत से रुबरु हो रहे हैं। लाहौल के यांगला पर्यटन स्थल में पर्यटन कारोबार चला रही पूनम, सोनम, पलमो व दोरजे ने बताया कि मंगलवार को यांगला की ओर भी पर्यटकों की संख्या अधिक रही।

**मनाली के होटलों में भी छाई है रौनक, दो हजार से अधिक पर्यटक वाहन अटल सुरंग पार कर लाहौल की वादियों में पहुंचे।**

उन्होंने बताया कि कारोबार कम है लेकिन बर्फबारी के बाद रफ्तार पकड़ेगा। होटल कारोबारी रोशन व विम्पी ने बताया कि पर्यटन कारोबार घटा है लेकिन बाहरी राज्यों से हर रोज पर्यटक आ रहे हैं जिसे रौनक बरकरार है।



### छेलिंग नाला में 'बर्फ के खेल' शुरू

लाहौल घाटी के छेलिंग नाला का पानी जमने से बने बर्फ के पहाड़ में 'आइस क्लाइम्बिंग' शुरू हो गई है। मंगलवार सुबह छेलिंग युवक मंडल और 'हिमालयन आक्सिपेड' ने 'क्लाइम्बिंग' का प्रशिक्षण शुरू किया। लाहौल समेत हिमाचल के अन्य जिलों के करीब बीस युवा इसमें प्रशिक्षण ले रहे हैं। युवा मंडल छेलिंग के प्रधान छेरिंग लारजे ने बताया कि सर्दियों में हर साल यह प्रशिक्षण करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन एवं साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के मकसद से युवाओं के सहयोग से यहां बर्फ का मार्ग तैयार किया है।